RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरुवार, 19 जनवरी 2023 वर्ष 04 अंक 236 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में करेंगे कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास

## नई मेट्रो को भी दिखाएगे हरी झंड़ी !



मुंबई : पीएम मोदी बृहस्पतिवार को मुंबई का दौरा करेंगे साथ ही मुंबई में नई मेट्रो रेल लाइन 2ए और 7 को हरी झंड़ी दिखाएंगे। मेट्रो से मुंबई में यात्रा करना काफी आरामदायक साबित होने वाला है मुंबई की सड़को पर इतना जाम देखा जाता है कि लोग समय पर नहीं पहुंच पाते है।परंतु सड़को पर ट्रैफिक की समस्या अब कम होने वाली है। इस दौरान पीएम मोदी बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से 38,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

**नई मेट्रो कहा से कहा तक चलेगी जानें ?**

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजरें आर्थिक रूप से समृद्ध बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनावों में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को हराने पर टिकीं हैं। बीएमसी चुनाव की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है। दहिसर (पूर्व) और डीएन नगर (येलो लाइन) को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 2ए लगभग 18.6 किलोमीटर लंबी है, जबकि अंधेरी (पूर्व) एवं दहिसर (पूर्व) (रेड लाइन) को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 7 लगभग 16.5 किलोमीटर लंबी है। दिलचस्प बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ही 2015 में इन लाइन की आधारशिला रखी थी। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री 'मुंबई 1 मोबाइल ऐप' और 'नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (मुंबई 1)' (एनसीएमसी) की भी शुरूआत करेंगे। इसमें बताया गया कि यह मोबाइल ऐप यात्रा को सुगम बनाने में मदद करेगा। इसे मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार पर दिखाया जा सकता है और यह यूपीआई के माध्यम से टिकट खरीदने के लिए डिजिटल भुगतान में सहायता करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, कार्ड शुरू में मेट्रो गलियारों में इस्तेमाल किया जाएगा और बाद में स्थानीय ट्रेनों एवं बसों सहित सार्वजनिक परिवहन के अन्य वाहनों तक इसका बड़े पैमाने पर विस्तार किया जा सकता है। इसमें बताया गया कि यात्रियों को कई कार्ड या नकदी ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। एनसीएमसी कार्ड त्वरित एवं संपर्क रहित डिजिटल लेनदेन को सक्षम करेगा, प्रक्रिया सरल हो जाएगी।

प्रधानमंत्री लगभग 17,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सात मल जल शोधन संयंत्रों का शिलान्यास करेंगे। ये संयंत्र मलाड, भांडुप, वर्सोवा, घाटकोपर, बांद्रा, धारावी और वर्ली में स्थापित किए जाएंगे, जिनकी संयुक्त क्षमता लगभग 2,460 एमएलडी होगी।

### कितनी परियोजनाओं की रखी जाएगी आधारशिला?

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि मोदी राष्ट्र को लगभग 12,600 करोड़ रुपये लागत वाली मुंबई मेट्रो रेल लाइन 2ए और 7 समर्पित करेंगे। मोदी बांद्रा कुर्ला परिसर में एमएमआरडीए मैदान पर आयोजित एक समारोह में सात मल जल शोधन संयंत्रों, सड़क कंक्रीटीकरण परियोजना और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला भी रखेंगे।

# अंडर गारमेंट में छिपाकर हो रही थी तस्करी !

## मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर

## 4.54 करोड़ रुपये मूल्य का सोने का पेस्ट जब्त!




**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.54 करोड़ रुपये मूल्य का 8.230 किलोग्राम सोना पेस्ट के रूप में जब्त किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर सोना यात्रियों के अंतःवस्त्रों की तह में छिपाया गया था, जिससे इसका पता लगाना बेहद मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा कि डीआरआई को इस बात की विशेष जानकारी थी कि दुबई से मुंबई जाने वाले यात्रियों के गिरोह द्वारा 'पेस्ट' के रूप में सोने की भारत में तस्करी की जा रही है। जिसके मुताबिक, छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई अधिकारियों की टीम द्वारा संदिग्ध यात्रियों की पहचान की गई और उन्हें रोका गया। अधिकारी ने बताया कि उनकी तलाशी में 'पेस्ट' के रूप में 8.230 किलो सोना बरामद हुआ। सोने की कीमत 4.54 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# बीच सड़क पर चाकुओं से गोदा

## धारावी इलाके में पुलिस स्टेशन के पास सनसनीखेज मर्डर...

**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के धारावी इलाके में एक शख्स की मंगलवार की रात चाकू गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। रात 9 बजे हुई इस वारदात के वक्त मृतक अपनी पत्नी के साथ कहीं जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, घटना में मारे गए शख्स का नाम जाहिद है और वह वॉचमैन का काम करता था। हमले के दौरान जाहिद को बचाने की कोशिश में उसकी पत्नी भी घायल हो गई। पुलिस ने 2 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।




बताते हैं कि आरोपियों ने जाहिद पर चाकू से कई वार किए जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इस दौरान उसकी पत्नी भी उसे बचाने की कोशिश में घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। जाहिद को आनन-फानन में सायन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में मृतक और हमलावरों में आपसी रंजिश का मामला सामने आया है। धारावी के जिस 90 फीट रोड पर सरेआम इस शख्स की निर्मम हत्या की गई है, वह काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। जिस जगह जाहिद पर जानलेवा हमला हुआ वह धारावी पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित है, ऐसे में पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

# बाइक और रिक्शा चुराकर पत्नी को देता था महंगे गिफ्ट...

### एक गलती से लगा पुलिस के हाथ

**मुंबई** : अक्सर कहा जाता है कि गुनाह करने वाली कितना भी शातिर क्यों न हो लेकिन वो ऐसी कौनसी न कौनसी गलती कर बैठता है जिसकी वजह से वह पकड़ा जाता है, कुछ ऐसा ही एक मामला मुंबई से सामने आया है। दरअसल अलग होने के बाद अपनी पत्नियों से मिलने के लिए पार्किंग में खड़ी गाड़ियां चुराने वाले दो चोरों को मुंबई दिंडोशी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, लेकिन




इन दो चोरों ने कुछ ऐसी गलती की है जिसकी वजह से ये दोनों चोर पुलिस के हाथ लग गए। अपनी पत्नी को चोरी की हुई गाड़ियों में घुमाने के बाद वह गाड़ी को ठाणे में ही छोड़ देता और दूसरी गाड़ी चुराकर दोनों चोर मुंबई लौट आते थे। इतना ही नहीं, जब इन चोरों के पैसे खत्म हो जाते तो दोनों रिक्शा चुराकर पैसे कमाते। वह कमाए हुए पैसों से अपनी पत्नी को महंगे तोहफे और कपड़े देता था। दिंडोशी पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 7 वाहन जब्त किए हैं। जब्त वाहनों की कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये है। ऐसे में बीते 7 जनवरी की दोपहर दिंडोशी पुलिस को शिकायत मिली कि संतोष नगर फिल्म सिटी रोड पर खड़ी एक एक्टिवा स्कूटर चोरी हो गई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# अमीरी-गरीबी की खाई...

निस्संदेह, उदारीकरण-वैश्वीकरण के दौर के बाद भारत में अमीरी-गरीबी की खाई तेजी से गहरी हुई है। कोरोना संकट से उपजे हालात ने अंतर को और बढ़ाया है। नये-नये धनकुबेरों ने अकूत संपदा जुटाई है। जाहिर है राजाश्रय और कानूनी संरक्षण के बिना यह आर्थिक असमानता का समुद्र हिलोरे नहीं ले सकता। विभिन्न संस्थाओं के सर्वेक्षण और मीडिया संस्थानों की रिपोर्टें गाहे-बगाहे इस आर्थिक असमानता की तस्वीर उकेरते रहे हैं। अब दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अध्ययन में सोमवार को खुलासा हुआ कि भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का चालीस फीसदी हिस्सा है। वहीं निचले तबके के पास कुल तीन फीसदी हिस्सा ही है। ऑक्सफैम द्वारा जारी वार्षिक असमानता रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि देश के सबसे दस अमीरों पर पांच फीसदी कर लगा दिया जाए तो सभी बच्चों को स्कूल वापस लाने के लिये पूरा पैसा मिल सकता है। यहां तक कि देश के सबसे धनाढ्य व्यक्ति के वर्ष 2017 से 21 के दौरान हासिल लाभ पर एक बार कर लगाने से 1.79 लाख करोड़ रुपये जुटाये जा सकते हैं। यह राशि भारतीय प्राथमिक विद्यालयों के पचास लाख से अधिक शिक्षकों के लिये एक साल का रोजगार उपलब्ध कराने के लिये पर्याप्त होगी। वहीं रिपोर्ट आकलन करती है कि यदि भारत के अरबपतियों की संपत्ति पर दो फीसदी की दर से एक बार कर लगाया जाता है तो इस राशि से देश में अगले तीन साल तक कुपोषित लोगों के पोषण के लिये 40,423 करोड़ रुपये की जरूरत को पूरा किया जा सकता है। 'सर्वाइवल ऑफ दि रिचेस्ट' शीर्षक रिपोर्ट आगे बताती है कि देश के दस सबसे अमीर अरबपतियों पर पांच फीसदी का एक बार का कर जो करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये बैठता है, वह देश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के 2022-23 के बजट से डेढ़ गुना अधिक है।

निस्संदेह, ऐसी रिपोर्ट जारी करने के पीछे विकसित देशों के प्रभाव वाली इन संस्थाओं के निहित स्वार्थ होते हैं लेकिन फिर भी ये आंकड़े सामाजिक असमानता की तस्वीर तो उकेरते ही हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में महिला श्रमिकों को पुरुष श्रमिक द्वारा अर्जित मेहनताने के एक रुपये के मुकाबले केवल 63 पैसे ही मिलते हैं। ग्रामीण श्रमिकों व वंचित वर्गों के लिये यह अंतर और अधिक है। रिपोर्ट कहती है कि न्यूनतम पारिश्रमिक इतना हो कि जीवनयापन किया जा सके। ऑक्सफैम ने भारत में असमानता के प्रभाव के आकलन के लिये गुणात्मक व मात्रात्मक पक्षों को शामिल किया है। रिपोर्ट बताती है कि गरीब लोग अमीरों के अनुपात में अधिक करों का भुगतान करते हैं। वे आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यह भी कि अब अमीरों पर कर लगाने तथा उसके भुगतान को सुनिश्चित करने का समय आ गया है। रिपोर्ट सुझाव देती है कि देश की वित्तमंत्री धन-कर व उत्तराधिकार कर जैसे प्रगतिशील उपायों को लागू करें। जो विभिन्न देशों में असमानता दूर करने में कारगर साबित हुए हैं। वहीं ऑक्सफैम ने फाइट इनइक्वलिटी एलायंस इंडिया द्वारा वर्ष 2021 में कराये गये देशव्यापी सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि अस्सी फीसदी लोग उन अमीरों व कंपनियों पर अतिरिक्त कर लगाने का समर्थन करते हैं जिन्होंने कोविड संकट को अवसर में बदलते हुए मोटा मुनाफा कमाया। वहीं नब्बे फीसदी प्रतिभागियों ने सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य के अधिकार और लिंग आधारित हिंसा को रोकने व असमानता दूर करने के लिये बजट बढ़ाने की मांग की। निश्चित रूप से अब समय आ गया कि उस मिथक को तोड़ा जाये जो कहता है कि अमीरों को करों में छूट से आर्थिक विकास होता है। निस्संदेह, समाज में असमानता को दूर करने तथा लोकतंत्र सशक्त करने के लिये जरूरी है कि पूंजीगत लाभ व बड़े अमीरों पर न्यायसंगत ढंग से कर लगे। साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य का वैश्विक मानकों के अनुरूप बजट बढ़ाया जाये। तभी मजबूत सार्वजनिक सेवाओं से स्वस्थ व खुशहाल समाज का मार्ग प्रशस्त होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में फर्जी पुलिस बनकर कपल से ऐंठना चाहता था पैसा...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुंबई में एक फर्जी पुलिस बनकर कपल से पैसे ऐंठने का मामला सामने आया है. मुंबई के मुलंड में एक आरोपी फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से पैसा ऐंठता था. आरोपी पुलिस अधिकारी बनकर एक कपल से पैसे ऐंठने की कोशिश किया. मुंबई के मुलंड में एक गाड़ी रोड के किनारे खड़ी थी. गाड़ी में एक कपल साथ बैठे थे. इस बीच आरोपी फर्जी पुलिस अधिकारी बन कर गाड़ी के पास गया और तस्वीर खिंचने लगा. उसने कपल से पुछा खड़ी हुई गाड़ी में क्या कर रहे थे. आरोपी कपल को ठगने की कोशिश कर रहा था.

पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी पुलिस बनकर लोगों को ठगने का काम करता था. लेकिन आरोपी यहां फंस गया. कपल ने फर्जी पुलिस बने शख्स से अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा तो वह घबरा गया. उसके बाद आरोपी पुलिस अधिकारी को फोन करने का नाटक करने लगा था. उसने फर्जी कॉल किया और कपल पर आरोप लगाने लगा.



**आरोपी फर्जी कॉल से डराना चाहा कपल को**

उसने अपने से बड़े अधिकारी को कॉल करने का नाटक किया और कहा कि एक आदमी खड़ी गाड़ी में महिला का रेप कर रहा है. आरोपी कपल को डराने के लिए फर्जी कॉल किया था. उसने कपल को डराने के लिए कॉल पर बोल रहा था कि इनकों गिरफ्तार करना होगा और फाइन भी करना होगा. इस कॉल के बाद भी कपल नहीं डरे और उन लोगों ने पुलिस कंट्रोल को फोन किया और इस घटना की पूरी जानकारी दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर फर्जी पुलिस अधिकारी बने शख्स को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ किया तो उसने कबूल कर लिया कि वो एक फर्जी पुलिसकर्मी है. उसने कहा कि वह फर्जी पुलिस वाला बन कर ठगी कर रहा था. उसने कहा कि मैंने कपल को अकेला देख कर मौके का फायदा उठाना चाहा और इन से पैसें ऐंठने की कोशिश किया.

**पुलिस ने किया फर्जी आदमी को गिरफ्तार**

बता दें कि आरोपी की पहचान नवनाथ मारुति शिंदे के रूप में हुई है.

## ऐसे दबोचा गया आरोपी

आरोपी को आईपीसी की धारा 506-170 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपने गुनाह को कबूल किया है. मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी पैसों के लिए ऐसा काम करता था. कपल ने बताया कि आरोपी उनको बहुत डराने की कोशिश किया. उसने फोटो की भी धमकी दिया. कपल ने कहा कि जब हमने कोई गलत काम ही नहीं किया तो डरना क्या. कपल ने बताया आरोपी बोल रहा था की पैसा देकर मामले को यहीं रफा दफा कर दो. आरोपी ने कपल से पैसे मांगा और केस को पुलिस स्टेशन नहीं ले जाने की भी बात किया था, लेकिन कपल घबराए नहीं और हिम्मत दिखाते हुए पुलिस को कॉल कर के इस मामले के बारे में बताये. जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर फर्जी आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है.

# महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के मामले पर 20 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ 20 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा. उइक की याचिका पर यह सुनवाई होगी. उइकने बॉम्बे हाईकोर्ट के जमानत देने के आदेश को रद्द करने की मांग की है. उखकडी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी. देशमुख जेल से पहले ही रिहा हो चुके हैं. 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देते हुए उइकसुप्रीम कोर्ट पहुंची थी.


CBI ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को हाईकोर्ट से मिली जमानत को रद्द करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. इस मामले में 12 दिसंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिल देशमुख को एक लाख के निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी. साथ ही हाईकोर्ट ने उइक को जमानत के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 10 दिन का समय दिया था. दरअसल, नवंबर 2022 में मुंबई की विशेष अदालत ने अनिल देशमुख की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था. निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देते हुए उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जहां से उन्हें जमानत मिल गई और अब उइकने उनकी जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है.

# महाराष्ट्र ने दावोस में किए 1.37 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर : मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई :** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक से इतर महाराष्ट्र ने वैश्विक निवेशकों के साथ 1.37 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया है। महाराष्ट्र में निवेश के लिए निवेशकों को आकर्षित करने दावोस गए शिंदे ने कहा कि इससे राज्य में एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। विदेशी निवेशकों ने राज्य सरकार पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि ये 'एमओयू सिर्फ कागज' पर नहीं रहेंगे।' मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि यह एमओयू उच्च प्रौद्योगिकी वाली अवसंरचना, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, इस्पात निर्माण और कृषि खाद्यान प्रसंस्करण के क्षेत्रों में किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी निवेशकों से 'मैग्नेटिक महाराष्ट्र' में निवेश करने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारत का प्रभाव दावोस में भी अनुभव किया जा रहा है। उन्होंने अपनी यात्रा को सफल बताया।



उन्होंने बताया, ''कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह संतोषजनक और बड़ी उपलब्धि है। हमारी सरकार आम आदमी की सरकार है। एकल खिड़की भुगतान, पूंजी सब्सिडी, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सब्सिडी से राज्य में भारी निवेश आएगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''महाराष्ट्र में औद्योगिक विकास की भारी संभावनाएं हैं और सरकार संभावित निवेशकों का खुले दिल से स्वागत करती है। सरकार निवेशकों को हर प्रकार का सहयोग प्रदान करेगी।'' कुछ बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं गुजरात समेत अन्य राज्यों की झोली में जाने के बाद उनकी सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। शिंदे ने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में 54,276 करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं। इससे 4,300 लोगों को रोजगार मिलेगा।



# महिलाओं को वेश्यावृत्ति में धकेलना पड़ा भारी...

## महिला को मिली 3 साल कठोर कारावास की सजा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने महिलाओं को वेश्यावृत्ति में धकेलने के मामले में 39 वर्षीय एक महिला को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष अदालत के न्यायाधीश वी. वी. वीरकर ने मंगलवार को सुनाए अपने फैसले में अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत महिला को दोषी ठहराया और उस पर दो हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया।


महिला ठाणे जिले के नवी मुंबई शहर के तुर्भे इलाके की निवासी है। विशेष लोक अभियोजक रेखा हिवराले ने अदालत को बताया कि महिला ने तुर्भे स्थित अपने आवास का इस्तेमाल देह व्यापार के लिए किया और महिलाओं तथा नाबालिग लड़कियों को वेश्यावृत्ति में धकेला। नवी मुंबई के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के एक दल ने 30 मई 2018 को महिला के आवास पर छापा मारा था।

वहां उन्हें एक महिला मिली थी जिसे वेश्यावृत्ति में धकेला गया था। हिवराले ने बताया कि महिला के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष के 12 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। न्यायाधीश ने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने महिला के खिलाफ सभी आरोप साबित कर दिए हैं। मामले में आरोपी एक महिला को संदेह का लाभ देते हुए अदालत ने सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# ठाणे महानगरपालिका के कमिश्नर अभिजीत बांगर ने की बड़ी घोषणा...

## कहा- परिवहन विभाग में 123 ई-बसें होंगी शमिल

**ठाणे :** ठाणेकरों के यातायात को और भी सुगम और इको-फ्रेंडली बनाने के लिए अब परिवहन के बड़े में ई-बसें शमिल की जाएगी। उक्त घोषणा महानगरपालिका कमिश्नर अभिजीत बांगर ने की। बांगर ने कहा कि येऊर जैसी जैव-विविधता की पहाड़ियों से घिरा हुआ ठाणे शहर स्मार्ट सिटी में शामिल है। स्वच्छ, सुंदर ठाणे का शहर अब बदल रहा है, शहर की दीवारें और अधिक सुंदर हो रही हैं। इसके एक भाग के रूप में, ठाणेकरों को जल्द ही परिवहन सेवा के बदलते स्वरूप का अनुभव भी होगा। उन्होंने कहा कि ब्रीद ईजी, जीरो एमिशन, नो नॉइज जैसी ईको-फ्रेंडली ई-बसें ठाणे शहर को एक नई पहचान देंगी।



स्वच्छ वायु कार्य योजना के तहत किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा के लिए बैठक करते हुए बांगर ने कहा कि इस समय ग्लोबल वार्मिंग की पृष्ठभूमि में महानगरपालिका के माध्यम से पर्यावरण हितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें जल्द ही आधुनिक ई-बसें परिवहन सेवा के बेड़े में शामिल होंगी। साथ ही बांगर ने पूरी प्रक्रिया को तत्काल पूरा करने का आदेश दिया।

### खरीदी जाएगी 123 बसें

**स्वच्छ वायु कार्य योजना के तहत नगर निगम को वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है। इस अनुदान के तहत 123 ई-बसें खरीदने का शासनादेश दिया गया है। कमिश्नर बांगर ने संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नई उपलब्ध बसों को मनपा क्षेत्र में सबसे कम आय वाली डीजल बसों के रूट पर चलाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे नागरिक सार्वजनिक परिवहन पर ध्यान केंद्रित करेंगे और प्रति किलोमीटर परिवहन सेवा के राजस्व में वृद्धि होगी। साथ ही बांगर ने अनुदान राशि का अधिक से अधिक ई-बसों और अन्य पर्यावरण हितैषी कार्यों में उपयोग करने के निर्देश दिए।**

# नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोपी बरी



**ठाणे :** ठाणे जिले की एक अदालत ने 14 वर्षीय लड़की के अपहरण और खरीद-फरोख्त मामले में 30 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि मुख्य आरोपी फरार है और पीड़िता की मौत हो गयी है। सत्र न्यायाधीश डॉ. रचना आर तेहरा ने 12 जनवरी को पारित आदेश में कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण), 366ए (नाबालिग लड़की की खरीद-फरोख्त) और 34 (साझा मंशा) के तहत आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा। अभियोजक ने अदालत में बताया कि लड़की 13 जनवरी 2013 को ठाणे शहर में अपने घर से लापता हो गयी थी। जब उसके पिता ने पड़ोस में तलाश की तो उन्हें पता चला कि वह हरियाणा के एक व्यक्ति (मुख्य आरोपी) के साथ चली गयी है।

# महाराष्ट्र के ठाणे में बिजली कंपनी के इंजीनियर रंगेहाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार



**ठाणे :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के एक अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता को मीटर रीडिंग करने वाली एक फर्म के लिए कथित तौर पर संतोषजनक टिप्पणी करने और अन्य काम करवाने के लिए 15,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

फर्म ने मीटर रीडिंग, बिलों के मुद्रण और वितरण का काम किया था और सभी दस्तावेजों को भुगतान के लिए कार्यकारी अभियंता को भेजा था।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नवी मुंबई शहर में एमएसईडीसीएल के वाशी उप-मंडल कार्यालय में तैनात 47 वर्षीय आरोपी ने भुगतान के वास्ते जमा किए गए बिलों पर संतोषजनक टिप्पणी करने के लिए उस फर्म के साथ काम करने वाले एक व्यक्ति से कथित तौर पर 20,000 रुपये की मांग की थी लेकिन बाद में आरोपी ने 15 हजार रुपये में सौदा तय किया।


फर्म के कर्मचारी द्वारा एसीबी को लिखित शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को ब्यूरो ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया और आरोपी इंजीनियर को शिकायतकर्ता से पैसे लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने बताया कि आरोपी अभियंता के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई के गोरेगांव में रेप का केस दर्ज कराने की धमकी देकर वसूले 33 लाख...

**मुंबई :** दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर 33 लाख रुपए की रंगदारी वसूलने का मामला सामने आया है। इस मामले में कुर्ला पुलिस ने गोरेगांव के दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उपहार और कुछ नकद के रूप में कुल 33 लाख रुपए की उगाही करने के बाद, आरोपी ने 10 लाख रुपए की और मांग की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी महिला ने उसका वीडियो भी बना लिया। शिकायतकर्ता एक सड़क निर्माण कंपनी में काम करता है। आरोपी महिला पिछले साल जुलाई के महीने में उसके संपर्क में आई थी।



आरोपी महिला ने बताया कि वह देह व्यापार में लिप्त थी। इसके बाद वे कुर्ला के एक लॉज में गए। दोनों कभी कभार ही मिलते थे। इसी दौरान आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता का वीडियो बना लिया। उसके बाद हर बार तरह-तरह के कारण बताते हुए महंगे उपहार और पैसे मांगने लगी। शिकायत कर्ता ने अब तक उसे नकद और उपहार के रूप में कुल 33 लाख 57 हजार रुपए का भुगतान किया था। लेकिन फिर उसने 10 लाख रुपए की मांग की। पैसा नहीं देने पर उसने फुटेज पत्न ी और रिश्तेदारों को दिखाने की धमकी दी। इसके बाद महिला का पति शिकायतकर्ता को धमकाने भी लगा। उसने 10 लाख रुपए नहीं देने पर पत्नी के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराने की धमकी दी। इस सामान्य परेशानी से तंग आकर आखिरकार शिकायतकर्ता ने इस मामले में कुर्ला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला और उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।



## पुलिस ने ठाणे के एक गोदाम में मारा छापा, 100 टन यूरिया जब्त



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक गोदाम में छापा मारकर 100 टन यूरिया जब्त किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जोन-2 भिवंडी के पुलिस उपायुक्त नवनाथ धवले ने कहा यदि यूरिया का भंडारण अवैध पाया गया तब कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कृषि क्षेत्र में यूरिया का व्यापक तौर पर उर्वरक के रूप में उपयोग किया जाता है। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यूरिया को अवैध रूप से संग्रहित किया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को भिवंडी शहर के पूर्णा में गोदाम पर छापा मारकर यूरिया को जब्त कर लिया। फिलहाल जब्त यूरिया के नमूने को जांच के लिए नासिक भेजा गया है।

# महाराष्ट्र और कई राज्यों में 1 सीट पर होंगे उपचुनाव

## दो मार्च को आएंगे नतीजे...




**महाराष्ट्र :** भारतीय चुनाव निर्वाचन आयोग ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनावों का एलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जानकारी दी कि त्रिपुरा में 16 फरवरी और मेघालय-नगालैंड में 27 फरवरी को मतदान होगा। इन तीन राज्यों के अलावा कई राज्यों में उपचुनाव भी होने वाले हैं। जबकि 2 मार्च को तीनों ही राज्यों में मतगणना होगी। नगालैंड, मेघालय और त्रिपुरा की विधानसभाओं का पांच साल का कार्यकाल 12 मार्च, 15 मार्च और 22 मार्च को समाप्त होगा और इससे पहले नई विधानसभाओं का गठन किया जाना है।

**कई राज्यों में होंगे उपचुनाव**

इसके अलावा, महाराष्ट्र की दो सीटों और तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और लक्षद्वीप की एक-एक सीट पर 27 फरवरी को उपचुनाव होंगे। उपचुनाव के नतीजे त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड की विधानसभा के साथ भी घोषित किए जाएंगे।

### त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में बनाए जाएंगे 9,125 पुलिंग स्टेशन

**बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल की अध्यक्षता में ईसीआई की टीमों ने पिछले सप्ताह राज्यों की चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने के लिए त्रिपुरा और नागालैंड में यात्रा की थी। राजीव कुमार ने आगे जानकारी दी कि त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में 9,125 पुलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जानकारी दी कि पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो रहा है। बता दें कि नगालैंड का 12 मार्च, मेघालय का 15 मार्च और त्रिपुरा का 22 मार्च को समाप्त होगा।**

## अजित पवार पर चाचा शरद पवार को नहीं है भरोसा -अजय मिश्र

# दबाव के बाद बनाया नेता प्रतिपक्ष



**मुंबई :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार पर राकांपा प्रमुख शरद पवार को भरोसा नहीं है. राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद चाचा शरद पवार पार्टी के दूसरे नेता को विपक्ष नेता बनाने वाले थे लेकिन भतीजे के दबाव में उन्होंने अजित पवार को विपक्ष का नेता बनाया.महाराष्ट्र दौरे पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र(टेनी) बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा और शिवसेना में आई खटास और कांग्रेस,राकांपा और शिवसेना के बीच हुई गठबंधन के बाद चाचा का भतीजे पर भरोसा कम हो गया है.केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शरद पवार नहीं चाहते कि अजित पवार उनका उत्तराधिकारी बने इसलिए उन्होंने अपने दूसरे भतीजे रोहित पवार को राजनीति में उतारा है. इतना नहीं अजित पवार के साथ -साथ उनके बेटे पार्थ पवार को परिवार के दबाव में लोकसभा का चुनाव लड़ने की अनुमति दी लेकिन शरद पवार ने दिल से पार्थ पवार का चुनाव प्रचार नहीं किया,जिसके कारण पार्थ पवार की हार हुई है. अजित पवार और उनके परिवार के लोगो का ऐसा मानना है.अजय मिश्र ने कहा कि शरद पवार का अजित पवार पर से पूरा भरोसा उठ गया है.आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी के संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक के लिए महाराष्ट्र दौरे पर आए थे जहां उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के तैयारी करने का निर्देश दिया।

# मनपा आयुक्त ने सुनी विपक्ष की बात

## 28 जनवरी तक आम जनता से बजट में सुझाव देने की अपील...



**मुंबई :** मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने विपक्ष की बात सुन ली है।मनपा आयुक्त पर आरोप लगता रहता था कि विपक्ष की बात नही सुनते । मनपा आयुक्त ने विपक्ष की मांग को जायज ठहराते हुए मुंबई के आम नागरिकों को उन्हे किस प्रकार की सुविधा की अपेक्षा है इसे मनपा के पार देने की गुहार लगाई है। मनपा आयुक्त उसे बजट में उपयोग कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराएंगे। मनपा में यह पहली बार होगा की बजट में अपनी सुविधा के लिए मुंबई की जनता खुद होकर अपनी बात रख सकेगी। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल उसका बजट में कितना उपयोग करते है यह तो बजट में दिखाई देगा। मनपा का बजट 2 अथवा 3 फरवरी को प्रस्तुत किया जाएगा।

बता दे कि मनपा में पूर्व विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा समाजवादी पार्टी नेता और विधायक रईश शेख और रांकपा मनपा नेता रही राखी जाधव ने मनपा आयुक्त से गुहार लगाई थी कि मनपा एक फरवरी 2022 में चुनाव नहीं होने से प्रशासक बिठा दिया गया है। मनपा आयुक्त प्रशासक के रूप में काम कर रहे है। चुनाव नहीं होने से आम नागरिकों की हर समय बात रखने वाले नगरसेवक नहीं है जिससे लोगो की मूलभूत जरूरत क्या है इसकी जानकारी मनपा आयुक्त अपने बजट में कैसे लाए इसके लिए सुझाव दिया था। विपक्ष के नेताओं ने मनपा आयुक्त से गुहार लगाई थी कि मनपा प्रशासन इस बार के बजट में लोगो की बजट में क्या सुविधा चाहिए इसके लिए मुंबई की एन जी ओ, ए एल एम और विभिन्न नामचीन संस्थाओं जो कि मुंबई की जनता की जरूरतों को बता सके ऐसे संस्थाओ से जानकारी ले जिसके लिए एक पोर्टल शुरू करनेकी गुहार लगाई थी। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल विपक्ष के सुझाव को उचित मानते हुए मुंबई की आम जनता से गुहार लगाई है कि बजट में जनता की भागीदारी के लिए प्रशासन ने पहल की है और नागरिक अपना सुझाव मनपा की वेबसाइट पर 28 जनवरी तक भेज दें। मनपा ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किए जा रहे बजट अनुमान में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया है। साथ ही जो नागरिक लिखित निर्देश भेजना चाहते हैं, वे 28 जनवरी, 2023 तक निम्नलिखित पते पर अपनी जानकारी भेज दें।

# कल्याण के पोद्दार स्कूल में अभिभावकों का हंगामा,

## गेट के बाहर किया प्रदर्शन; जानिए क्या है मामला

**कल्याण :** कल्याण के पोद्दार स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा हंगामा किया गया, स्कूल द्वारा सीआईई बोर्ड बंद करने के विरोध में स्कूल के बाहर नाराज पलकों ने सड़क जाम कर दी। इस बारे में स्कूल प्रशासन ने कहा कि अभिभावकों से चर्चा के बाद आगे फैसला लिया जाएगा। कल्याण पश्चिम स्थित पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल की कल्याण शाखा में संचालित सीआईई (कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल) बोर्ड को बंद करने के स्कूल प्रशासन के फैसले को सुनकर छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता के साथ हैरान रह गए।

बैठक के लिए सोमवार की सुबह माता-पिता को सोशल मीडिया पर एक संदेश भेजा गया और एक बैठक बुलाई गई और माता-पिता के सामने घोषणा की गई कि बोर्ड बंद किया जा



रहा है। लेकिन अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि स्कूल फीस देने में किसी तरह का समझौता नहीं करने वाले छात्र के जीवन से स्कूल प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है। कुछ ने स्कूल के बाहर सड़क पर बैठकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में अभिभावकों की बात सुनने के बाद स्कूल प्रशासन ने सीआईई बोर्ड को बंद करने का निर्णय लिया है। जब इस संबंध में बैठक हो चुकी है तो स्कूल प्रशासन के अधिकारी और अभिभावक मिलकर समाधान निकालेंगे। प्रशासन द्वारा कहा गया कि स्कूल बंद नहीं होगा, स्कूल चलता रहेगा। कल्याण के पोद्दार स्कूल में पिछले कुछ सालों से चल रहे सीआईई बोर्ड को स्कूल प्रशासन ने बंद करने का फैसला लिया है और अभिभावकों को स्कूल में बुलाकर इसकी जानकारी दी गई। लेकिन परेशान अभिभावकों ने स्कूल में हंगामा किया और प्रशासन से इस एक तरफा फैसले को वापस लेने की मांग की।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com